SET – 2

**Series : BVM/1**

कोड नं.
**Code No. 59/1/2**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

StudentSuvidha.com
downloaded from

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **100***



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न पत्र में कुल 27 प्रश्न है । प्रश्न पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित हैं ।*

*(ii)* *खण्ड-अ में प्रश्न-संख्या 1–5 तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *खण्ड-ब में प्रश्न-संख्या 6–10 तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *खण्ड-स में प्रश्न-संख्या 11–16 तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड-द में प्रश्न-संख्या 17 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *खण्ड-द में प्रश्न-संख्या 21 मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *खण्ड–य में प्रश्न-संख्या 22 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न छः अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory. This questions paper has **27** questions in all. There are **five** sections in question paper.*

*(ii)* *Section **A** contains Questions number **1 – 5** of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Section **B** contains Questions number **6 – 10** of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Section **C** contains Questions number **11 – 16** of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Section **D** contains Questions number **17 – 21** of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *In Section **D** Question number **21** is a map-based question. Write its answer in your answer- book.*

*(vii)* *Section **E** contains Questions number **22 – 27** of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड–अ

## SECTION – A

1. नौकरशाही के शिकंजों में फंसी सत्तावादी सोवियत प्रणाली में न पाए जाने वाले किसी एक लोकतांत्रिक मूल्य को उजागर कीजिए। **1**

**अथवा**

शीत युद्ध काल में बनाए गए 'पश्चिमी गठबंधन' से क्या अभिप्राय है ?

Highlight any one democratic value which the bureaucratic and authoritarian Soviet System lacked.

**OR**

What is meant by 'Western Alliance' formed during the Cold War period ?

2. भारत में भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन को न्यायोचित ठहराने के पक्ष में कोई एक उपयुक्त तर्क दीजिए। **1**

Justify the reorganization of states in India on language basis by giving one suitable argument.

3. अंतर्राष्ट्रीय संगठन होने के किसी एक लाभ को उजागर कीजिए। **1**

**अथवा**

पारंपरिक सुरक्षा के उपाय के रूप में 'अस्त्र नियंत्रण' के महत्त्व को उजागर कीजिए।

Highlight any one benefit of having an International Organization.

**OR**

Explain the importance of 'Arms Control' as a measure of traditional security.

4. निम्नलिखित में से कौन सा कथन इराक पर अमरीकी आक्रमण के संदर्भ में गलत है ? **1**

(a) इस आक्रमण में 40 से अधिक अन्य देश शामिल थे।

(b) संयुक्त राष्ट्र संघ ने इराक पर आक्रमण करने की अनुमति दी थी।

(c) इराक पर आक्रमण इराक को सामूहिक संहार के हथियार बनाने से रोकना था।

(d) इस युद्ध में अमरीका के 3000 से अधिक सैनिक मारे गए।

Which one of the following statements related to the Iraq invasion by the US is incorrect ?

(a) More than forty other countries were involved in this invasion.

(b) The UN had given consent to invade Iraq.

(c) The invasion was to prevent Iraq from developing weapons of mass destruction.

(d) The US lost over 3000 military personnel in this war.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

5. 1996 में बनी संयुक्त मोर्चे की सरकार तथा 1989 में बनी राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार में किसी एक समानता की पहचान कीजिए । **1**

Identify any one similarity between the United Front Government of 1996 and the National Front Government of 1989.

## खण्ड–ब
## SECTION – B

6. सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए । **2 × 1 = 2**

Mention any two reasons for the disintegration of the Soviet Union.

7. स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का स्तंभ 'B' से मिलान कर अर्थपूर्ण जोड़े बनाइए । **4 × ½ = 2**

| | **स्तंभ 'A'** | | **स्तंभ 'B'** |
|---|---|---|---|
| (I) | चिपको आंदोलन | (a) | महाराष्ट्र |
| (II) | नर्मदा बचाओ आंदोलन | (b) | उत्तराखंड |
| (III) | दलित पेंथर्स आंदोलन | (c) | आंध्रप्रदेश |
| (IV) | ताड़ी विरोधी आंदोलन | (d) | गुजरात |

Match the following in 'Column A' with those in 'Column B' in a meaningful way.

| | **Column 'A'** | | **Column 'B'** |
|---|---|---|---|
| (I) | Chipko Movement | (a) | Maharashtra |
| (II) | Narmada Bachao Aandolan | (b) | Uttarakhand |
| (III) | Dalit Panthers Movement | (c) | Andhra Pradesh |
| (IV) | Anti-Arrack Movement | (d) | Gujarat |

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

8. भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बंध सुधारने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए । **2 × 1 = 2**

**अथवा**

1962 के भारत–चीन युद्ध ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को कैसे प्रभावित किया ? **2**

Suggest any two measures to improve relations between India and Pakistan.

**OR**

How did the Sino – Indian conflict of 1962 affect the Communist Party of India ?

9. ई.वी. रामास्वामी नायकर, जो पेरियार के नाम से जाने जाते हैं, द्वारा प्रतिपादित मत का विश्लेषण कीजिए । **2**

Analyse the thesis propounded by E.V. Ramaswami Naicker popularly known as Periyar.

10. जून, 1975 में घोषित राष्ट्रीय आपातकाल के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए । **2**

**अथवा**

भारतीय राजनीति पर दल–बदल की भूमिका का आकलन कीजिए ।

Evaluate the impact of national emergency declared in June, 1975.

**OR**

Assess the role played by 'defections' on Indian politics.

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड–स

## SECTION – C

11. भारत की परमाणु नीति का विश्लेषण कीजिए । **4**

**अथवा**

भारत और चीन के बीच संघर्ष के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए । **2 × 2 = 4**

Analyse the Nuclear policy of India.

**OR**

Analyse any two causes of conflict between India and China.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

12. अमरीकी वर्चस्व के रास्ते की किन्हीं दो बाधाओं की व्याख्या कीजिए। **2 × 2 = 4**

**अथवा**

पाकिस्तान में लोकतंत्र के स्थायी न बन पाने के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए।

Explain any two constraints on the American hegemony.

**OR**

Explain any two factors that have contributed to Pakistan's failure in building a stable democracy.

13. आर्थिक वैश्वीकरण के समर्थकों द्वारा दिए गए किन्हीं दो तर्कों की व्याख्या कीजिए। **2 × 2 = 4**

Explain any two arguments given by the advocates of economic globalization.

14. 1959 में स्थापित स्वतंत्र पार्टी की विचारधारा की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **4 × 1 = 4**

Describe any four features of the ideology followed by Swatantra Party founded in 1959.

15. गत वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी और अस्थायी सदस्यों के लिए प्रस्तावित किन्हीं चार मापदण्डों का वर्णन कीजिए। **4 × 1 = 4**

**अथवा**

गैर–पारंपरिक सुरक्षा को खतरे के किन्हीं चार नए स्रोतों का वर्णन कीजिए।

Describe any four criteria that have been proposed in recent years for new permanent and non-permanent members of the U.N. Security Council.

**OR**

Describe any four new sources of threats to non-traditional security.

downloaded from StudentSuvidha.com




Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

16. 'प्रिवी पर्स' से क्या अभिप्राय है ? प्रिवी पर्सों की समाप्ति करने में इंदिरा गांधी की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। **1 + 3 = 4**

What is meant by 'Privy Purse' ? Evaluate the role played by Indira Gandhi in the abolition of privy purses.

## खण्ड–द
## SECTION – D

17. दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।



(i) इस कार्टून में दर्शाया गया कौन सा भाग चीन से संबंधित है ?

(ii) कार्टून के आधार पर चीन की शक्ति का आंकलन कीजिए।

(iii) "चीन विश्व की अगली महाशक्ति हो सकता है।" इस कथन को दो तर्क देकर न्यायोचित ठहराइए। **1 + 2 + 2 = 5**

Study the cartoon given above carefully and answer the following questions :

(i) Which part of this cartoon is related to China ?

(ii) Assess the strength of China on the basis of the cartoon.

(iii) "China may be the next superpower in the world." Justify the statement with two arguments.



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर है :

17.1 आपके विचार में एक आर्थिक शक्ति के रूप में चीन का क्या स्थान है ?

17.2 संयुक्त राज्य अमरीका को महाशक्ति बनाने वाली किन्हीं दो स्थितियों का आकलन कीजिए ।

17.3 "चीन विश्व की अगली महाशक्ति हो सकता है ।" कोई दो तर्क देकर इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **1 + 2 + 2 = 5**

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **17** :

17.1 In your opinion, where does China stand as an economic power ?

17.2 Assess any two conditions which make the United States of America, a super-power.

17.3 "China may be the next superpower in the world." Justify the statement with two arguments.

18. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विकास के दो जाने-माने मॉडलों में से, भारत ने किसी को नहीं अपनाया ..... दोनों ही मॉडलों की कुछ एक बातों को ले लिया गया और अपने देश में इन्हें मिले जुले रूप में लागू किया गया । इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' कहा जाता है ।

(i) विकास के दो मॉडलों के नाम लिखिए ।

(ii) भारत ने दोनों मॉडलों में से किसी एक को भी पूर्णतया स्वीकार क्यों नहीं किया ? प्रत्येक के लिए कम से कम एक मुख्य कारण दीजिए ।

(iii) भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था की ऐसी दो विशेषताओं को उजागर कीजिए जो उपरोक्त मॉडलों पर आधारित हैं । **1 + 2 + 2 = 5**

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत ही एकमात्र ऐसा देश नहीं है जो एक पार्टी के प्रभुत्व के दौर से गुजरा हो । अगर हम दुनिया के बाकी मुल्कों पर नजर दौड़ाएँ तो हमें एक पार्टी के प्रभुत्व के बहुत-से उदाहरण मिलेंगे । बहरहाल, बाकी मुल्कों में एक पार्टी के प्रभुत्व और भारत में एक पार्टी के प्रभुत्व के बीच एक बड़ा भारी फर्क है । बाकी मुल्कों में एक पार्टी का प्रभुत्व लोकतंत्र की कीमत पर कायम हुआ । कुछ देशों मसलन चीन, क्यूबा और सीरिया के संविधान में सिर्फ एक ही पार्टी को देश के शासन की अनुमति दी गई है ।

(i) स्वतंत्रता के पश्चात्, भारत के राजनीतिक पटल पर किस राजनीतिक दल का प्रभुत्व बना रहा और कब तक ?

(ii) भारत का एक दलीय प्रभुत्व, चीन के एक दलीय प्रभुत्व से किस प्रकार भिन्न था ?

(iii) एक दलीय शासन की किन्हीं दो कमियों को उजागर कीजिए । **1 + 2 + 2 = 5**

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

India did not follow any of the two known paths to development .... Elements from both these models were taken and mixed together in India. That is why Indian economy was described as 'mixed economy'.

(i) Name the two models / paths to development.

(ii) Why was either of the two models not fully accepted by India ? Give at least one major reason for each.

(iii) Highlight any two features of India's mixed economy based on the above said two models.

**OR**



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Read the following passage and answer the questions given below :

India is not the only country to have experienced the dominance of one party. If we look around the world, we find many other examples of one-party dominance. But there is a crucial difference between these and the Indian experience. In the rest of the cases the dominance of one party was ensured by compromising democracy. In some countries like China, Cuba and Syria the constitution permits only a single party to rule the country.

(i) Which political party dominated the political scene of India after independence and how long ?

(ii) How did the one-party dominance in India differ from that of China ?

(iii) Highlight any two drawbacks of a single party rule.

19. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यहाँ यह याद रखना भी ज़रूरी है कि भारत ने गुट-निरपेक्ष आंदोलन में शामिल अन्य देशों को भी तनाव कम करने के कामों में संलग्न रखा । शीत युद्ध के दौरान भारत ने लगातार उन क्षेत्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों को सक्रिय बनाए रखने की कोशिश की जो अमरीका अथवा सोवियत संघ के खेमे से नहीं जुड़े थे । नेहरू ने 'स्वतंत्र और परस्पर सहयोगी राष्ट्रों के एक सच्चे राष्ट्र कुल' के ऊपर गहरा विश्वास जताया जो शीत युद्ध को खत्म करने में न सही, पर इसकी जकड़ ढीली करने में ही सकारात्मक भूमिका निभाएँ ।

(i) शीत युद्ध का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ii) उस समय चल रहे शीत युद्ध के प्रति भारत की सोच को स्पष्ट कीजिए ।

(iii) भारत की गुट-निरपेक्ष नीति की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए । **1 + 2 + 2 = 5**

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत ने साम्यवादी रह चुके सभी देशों के साथ अच्छे संबंध कायम किए हैं लेकिन भारत के संबंध रूस के साथ सबसे ज़्यादा गहरे हैं । भारत की विदेश नीति का एक महत्त्वपूर्ण पहलू भारत का रूस के साथ संबंध है । भारत-रूस संबंधों का इतिहास आपसी विश्वास और साझे हितों का इतिहास है । भारत-रूस के आपसी संबंध इन देशों की जनता की अपेक्षाओं से मेल खाते हैं । भारतीय हिन्दी फिल्मों के नायकों में राजकपूर से लेकर अमिताभ बच्चन तक रूस और पूर्व सोवियत संघ के बाकी गणराज्यों में घर-घर जाने जाते हैं । आप इस क्षेत्र में हिन्दी फिल्मी गीत बजते सुन सकते हैं और भारत यहाँ के जनमानस का एक अंग है ।

(i) पूर्व साम्यवादी देशों से क्या अभिप्राय है ?

(ii) भारत और रूस के बीच गहरे सम्बंधों के लिए उत्तरदायी कोई दो कारक स्पष्ट कीजिए ।

(iii) भारत के रूस के साथ सम्बंध किस प्रकार भारत की विदेश नीति का एक महत्त्वपूर्ण पहलू हैं ?

**1 + 2 + 2 = 5**

StudentSuvidha.com downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Read the passage given below carefully and answer the question that follow :

It is important to remember that India chose to involve other members of the non-aligned group in this mission of reducing tension. During the Cold War, India repeatedly tried to activate those regional and international organizations, which were not a part of alliances led by the US and the USSR. Nehru reposed great faith in 'a genuine commonwealth of free and co-operating nations' that would play a positive role in softening, if not ending, the Cold War'.

(i) Explain the meaning of Cold War.

(ii) Explain India's response to then ongoing Cold War.

(iii) Highlight any two features of India's policy of Non-alignment.

**OR**

Read the following passage and answer the following questions :

India has maintained good relations with all the post-communist countries. But the strongest relations are still those between Russia and India. India's relations with Russia are an important aspect of India's foreign policy. Indo-Russian relations are embedded in a history of trust and common interests and are matched by popular perceptions. Indian heroes from Raj Kapoor to Amitabh Bachchan are household names in Russia and many post-Soviet countries. One can hear Hindi film songs all over the region, and India is part of the popular memory.

(i) What is meant by the post-communist countries ?

(ii) Explain any two factors responsible for strong relations between India and Russia.

(iii) How are India's relations with Russia an important aspect of India's foreign policy ?

20. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मानवता की सुरक्षा के सभी पैरोकार मानते हैं कि इसका प्राथमिक लक्ष्य व्यक्तियों की संरक्षा है । बहरहाल, इस बात पर मतभेद हैं कि ठीक-ठीक ऐसे कौन से खतरे हैं जिनसे लोगों को बचाया जाना चाहिए । मानवता की सुरक्षा का संकीर्ण अर्थ लेने वाले पैरोकारों का ज़ोर लोगों को हिंसक खतरों यानी खून-खराबे से बचाने पर होता है ।

(i) 'मानवता की सुरक्षा' की मुख्य चिंता कौन से प्रकार की सुरक्षा है ?

(ii) मानवता की सुरक्षा के व्यापक अर्थ में, आप क्या शामिल करना चाहेंगे ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) ऐसे चार खतरों की पहचान कीजिए जिनसे लोगों को बचाना चाहिए । **1 + 2 + 2 = 5**

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

All proponents of human security agree that its primary goal is the protection of individuals. However, there are differences about precisely what threats individuals should be protected from. Proponents of the 'narrow' concept of human security focus on violent threats to individuals.

(i) Which type of security is the main concern of 'human security' ?

(ii) What would you like to include under the 'broad' concept of human security ? Explain.


(iii) Identify any four threats from which individuals should be protected.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

21.




भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए ।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ 2002 के गोधरा नामक स्थान पर हिंसक घटना घटित हुई थी ।

(ii) वह राज्य जिसे पहले मद्रास कहा जाता था ।

(iii) वह राज्य जिसकी विधान सभा में भारत में सर्वाधिक सीटें हैं ।

(iv) वह राज्य जिससे लालडेंगा का सम्बंध है ।

(v) वह राज्य जिसका विलय 1975 में, भारत के 22 वें राज्य के रूप में हुआ । **5 × 1 = 5**



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

In the political outline map of India given above, five states have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these states on the basis of information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet in the map as per the following format.

| Sr. No. of the information used | Concerned alphabet in the Map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The state where a violent incident took place at Godhara in 2002.

(ii) The state which was earlier known as Madras.

(iii) The state which has the maximum number of seats in India in its Legislative Assembly.

(iv) The state to which Laldenga belonged.

(v) The state which integrated with India in 1975 as 22nd State of India.

downloaded from StudentSuvidha.com

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं :

21.1 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ 2002 में गोधरा नामक स्थान पर हिंसक घटना घटित हुई थी ।

21.2 किस राज्य को पहले मद्रास कहा जाता था ?

21.3 कौन सा राज्य 1975 में 22वें राज्य के रूप में भारत से जुड़ा था ?

21.4 लालडेंगा किस राज्य से सम्बंधित था ?

21.5 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ की विधान सभा में भारत में सर्वाधिक सीटे हैं । **5 × 1 = 5**



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 21.

21.1 Name the state where a violent incident took place in 2002 at Godhara.

21.2 Which state was earlier known as Madras ?

21.3 Which state integrated with India in 1975 as the 22$^{nd}$ state ?

21.4 To which state did Laldenga belong ?

21.5 Name the state which has maximum number of seats in India in its Legislative Assembly.

**खण्ड–य**

**SECTION – E**

22. पूर्ववर्ती सोवियत संघ की किन्हीं छः विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **6 × 1 = 6**

**अथवा**

क्यूबा के मिसाइल संकट का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए । **6**

Describe any six features of the erstwhile Soviet System.

**OR**

Describe briefly the Cuban Missile Crisis.

23. बांग्लादेश के निर्माण के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए । बहुदलीय प्रणाली पर आधारित प्रतिनिधि मूलक लोकतंत्र की स्थापना में बांग्लादेश कैसे सफ़ल हुआ ? **3 + 3 = 6**

**अथवा**

चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान के किन्हीं छः कारणों को स्पष्ट कीजिए । **6 × 1 = 6**

Explain the circumstances that led to the creation of Bangladesh. How did Bangladesh succeed in establishing representative democracy based on multiparty system ?

**OR**

Explain any six reasons for the rise of the Chinese economy.



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

24. 1989 से भारत में बनने वाली गठबंधन की सरकारों के किन्हीं तीन लाभों का आकलन कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

जम्मू तथा कश्मीर में अशांति बने रहने के किन्हीं तीन मुख्य कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

Assess any three benefits of the coalition governments in India since 1989.

**OR**

Analyse any three main causes of unrest in Jammu and Kashmir.

25. 1969 में कांग्रेस पार्टी को विभाजन की ओर ले जाने वाली किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

1975 में आपातकाल घोषित किए जाने के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन घटनाओं का वर्णन कीजिए ।

Describe any three important events that led to the split in the Congress Party in 1969.

**OR**

Describe any three events that led to the imposition of emergency in 1975.

downloaded from StudentSuvidha.com

26. 1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं छः परिणामों की व्याख्या कीजिए । **6 × 1 = 6**

**अथवा**

स्वतंत्रता के पश्चात्, भारत के पहले तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के किन्हीं तीन मुख्य कारणों को उजागर कीजिए । **3 × 2 = 6**

Explain any six consequences of the partition of India in 1947.

**OR**

Highlight any three major reasons for the dominance of Congress Party in the first three general elections after independence.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

27. पर्यावरण के ऐसे मसलों पर भारत के पक्ष का विश्लेषण कीजिए जिनकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है । **6**

**अथवा**

वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए ।

Analyse India's stand on environmental issues discussed at the international level.

**OR**

Evaluate the cultural consequences of globalization.

---

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com